5. लिंग

लिंग द्वारा पुरुष तथा स्त्री जाति का बोध होता है। सभी सजीव-निर्जीव वस्तुओं का भी लिंग निश्चित होता है।

शिक्षण-संकेत

- छात्र कक्षा-1 से लिंग शब्दों के बारे में पढ़ते आ रहे हैं। अतः पृष्ठ-25 पर दिए चित्र में से स्त्री तथा पुरुष जाति के शब्द बताने को कहें।
- लिंग की परिभाषा याद करने का समय दें फिर उनसे परिभाषा पूछें। लिंग के भेद भी जानें।
- पृष्ठ 26-27 पर दिए लिंग की पहचान के नियम पढ़ें और समझाएँ।
- समझाएँ, अप्राणीवाचक शब्दों का लिंग निर्धारण वाक्य प्रयोग द्वारा किया जाता है। वाक्य की क्रिया द्वारा निर्जीव वस्तुओं का लिंग पता चलता है।
- पुल्लिग शब्दों से स्त्रीलिंग शब्द किस प्रकार बनाए जाते हैं, समझाएँ। पाठ पृष्ठ 27-29 पर दिए शब्दों को पढ़वाएँ और एक-एक करके प्रत्येक नियम समझाएँ।
- सुनिश्चित करें कि प्रत्येक छात्र पाठ भली-भाँति समझ गया है।